### खबर संक्षेप

## एसपी ने विजयराघवगढ़ थाना का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश

**कटनी।** पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा विजयराघवगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया गया। एसपी ने औचक निरीक्षण के दौरान बंदीगृह चेक किया, तथा बंदियों की सुरक्षा हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी एस.ओ.पी. के अनुपालन के सख्त निर्देश दिये। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि बिना कारण किसी बंदी को हवालात में न रखा जाए। इसके अलावा एसपी श्री विश्वकर्मा ने थाने में संधारित आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, निगरानी, बदमाश रजिस्टर को चेक किया। लंबित मर्ग एवं लंबित अपराधों को देखा तथा लंबित मर्ग एवं अपराधों का विधि-अनुरूप समयावधि में त्वरित, वैधानिक निराकरण करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने थाने में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वन-टू-वन चर्चा की तथा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने व त्वरित, वैधानिक कार्यवाही करने तथा आम जनता एवं नागरिकों से सौम्यता और शालीनता के साथ संवाद करने के स्पष्ट निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धारवे, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ एवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**कटनी।** ग्राम पंचायत इमालिया में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूष से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के संबंध में जानकारी ली एवं पैरालीगल वालेटियर श्रीमती आराधना तिवारी को निर्देशित किया की जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नहीं बने है उन लोगों के कार्ड बनवाए जाने में सहयोग करें साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, मध्य प्रदेश अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता, तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी से संपर्क कर सकते है।

## द्वितीय परीक्षा के आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि 8 जून

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र भरने की तिथि 8 जून है। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

## कृषि वैज्ञानिक आज किसानों को देंगे जानकारी

**कटनी।** आज शनिवार 7 जून को यहां पहुचेगें कृषि अधिकारी विकसित कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम- बुधनवारा, भकरवारा एवं बचौया, विकासखंड बडवारा के ग्राम पंचायत बडवारा, बछरवारा एवं पठरा एवं विकासखंड विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत सिंघनपुरा, सिनगौडी एवं हंतला में किया जावेगा । इसलिए जिले के कृषको से अपील है की गई है। की अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर कृषि वैज्ञानिको से नई तकनीको एवं विभागीय अधिकारियो द्वारा सम्बंधित विभागों में संचालित योजनाओ की जानकारी प्राप्त करे।

### 16 जून से योजना बनाकर अध्यापन प्रारंभ करने के साथ करें बच्चों को प्रोत्साहित

# नए सत्र की तैयारी: बच्चों के आने से पहले स्कूली व्यवस्था हो चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में डाइट कटनी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से ही स्कूली व्यवस्थाओं को बेहतर करने हेतु फील्ड भ्रमण कर समीक्षा की जा रही है । इसी क्रम में वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी द्वारा बहोरीबंद विकासखण्ड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी, प्राथमिक शाला देवरी भार एवं बड़वारा विकासखण्ड की प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला सुड़डी का भ्रमण कर शाला प्रमुखों तथा शिक्षकों से चर्चा करते हुए नये शैक्षणिक सत्र की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की



समीक्षा के पश्चात स्कूल की साफ सफाई, पुताई कराने, बच्चों को 16 जून से स्कूल में उपस्थित कराने हेतु घर- घर पालकों से संपर्क कर शिक्षा का महत्व बताने, पुस्तकालय व्यवस्थित करने, पुस्तक लेन देन कार्ड बनाने, शिक्षकों द्वारा 16 जून से योजना बनाकर अध्यापन प्रारंभ करने, प्रतिदिन कंप्यूटर टेब का उपयोग करने, बच्चों को रटने की जगह खोज हेतु प्रोत्साहित करने के संबंध में तथ्यपरक चर्चा की।

प्राचार्य मनोज हल्दकार ने बताया कि पुस्तकालय में अन्य किताबों के साथ -साथ नीट और जेईई की तैयारी हेतु विभिन्न प्रकाशकों की किताबें रखी गई है। जिनका उपयोग कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्रा कर रहे है । कक्षा 5 एवं 8 द्वितीय अवसर की परीक्षा में 75 छात्रों में से 35 छात्र उपस्थित पाये गये । प्राथमिक शाला देवरी भार में शाला प्रमुख के चिकित्सा अवकाश पर होने के कारण तैयारियों की समीक्षा नहीं की जा सकी द्य माध्यमिक शाला सुड़डी में प्रभारी तीरथ कचेर ने बताया कि वह पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं और इस वर्ष उनकी कक्षा आठवी में नामांकित सभी 43 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं एवं स्कूल में बाउंड्री वाल न होने के कारण परिसर में पशुओं का डेरा लगा रहता है एवं साफ- सफाई में व्यवधान रहता है ।

प्राथमिक शाला सुड्डी में प्रभारी विश्वनाथ दाहिया ने बताया कि इस वर्ष उनकी कक्षा पाँचवीं में नामांकित सभी 23 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं । साथ ही उन्होंने पृथक से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की कोचिंग भी दी जिससे स्कूल के दो छात्र क्षितिज और अनिकेत चयनित हुए हैं जिसके लिये शिक्षक दाहिया की सराहना की गई। राजेन्द्र असाटी द्वारा नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र क्षितिज से मिलकर उन्हे सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा सभी फेकल्टी कल्पना खरे,ज्योति श्रीवास्तव, राकेश सिननरकर , उमाशंकर सैनी को विकासखण्ड वार जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

सभी विकासखण्ड प्रभारी डाइट बी आर सी से समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर करने के प्रयास करेंगे। जिसकी समीक्षा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी द्वारा निरंतर डी पी एम यू की बैठक में की जायेगी।



## कृषि वैज्ञानिक किसानों को बता रहे उन्नत खेती के गुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत सरकार एवं राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में शुक्रवार 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम किया जा रहा है । इस के कार्यक्रम के दौरान विकासखंड ढीमरखेडा के ग्राम- पौंडी खुर्द, खंदवारा एवं पिपरियाशुक्ल, विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत चाका ,पटवारा एवं कैलवाराकला एवं विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत भरतपुर, रुडमूड एवं बरजी में किसानो को वैज्ञानिको ने उन्नत खेती के तौर-तरीके बताया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिको, कृषि विभाग एवं अन्य कृषि से सम्बंधित विभागों के अधिकारियो के सयुंक्त दलो द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम में उपस्थित कृषको से सीधे संवाद करते हुए कृषि वैज्ञानिको द्वारा उन्नत कृषि तकनीको एवं आगामी फसलो की तैयारियों से सम्बंधित जानकारियां प्रदान की गयी। वरिष्ठ कृषि विकाश अधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओ की जानकारी देते हुए मृदा स्वास्थ्य के बारे विस्तृत चर्चा की गई एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए बायो डीकम्पोजर के उपयोग एवं इसके लाभों से अवगत कराया गया, साथ ही कस्टम हायरिंग सेंटर, हैप्पी सीडर,सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रो से संबंधित जानकारी दी गयी। अन्य विभागों से उपस्थित अधिकारियो द्वारा सम्बंधित विभागों में संचालित योजनाओ की जानकारी कृषको को दी गयी ।

### आज मनाया जाएगा ईद ए अजहा का पर्व, तैयारियां मुकम्मल

# कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ईद-ए-अजहा (बकरीद) की नमाज 07 जून को ईदगाह व शहर की मस्जिदों में प्रातरू 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक अदा की जाएगी। शनिवार 07 जून को ईद-ए-अजहा (बकरीद) त्यौ1हार को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण मनाने हेतु कानून व्य वस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से कार्यपालिक दण्डाकधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके तहत तहसीलदार कटनी (नगर) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट बी.के.मिश्रा की ड्यूटी ईदगाह, जामा - मस्जिद, नगीना मस्जिद और नूरी मस्जिद में लगाई गई है। जबकि अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी ग्रामीण एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेमट की ड्यूटी अल्फिर्ट गंज मस्जिद, मदरसा मस्जिद एवं झर्रा टिकुरिया मस्जिद में लगाई गई हैं।

इसके अलावा अतिरिक्तर तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेलट आकाशदीप नामदेव की ड्यूटी खिरहनी फाटक मस्जिद, आर्डिनेन्स मस्जिद, आर्डिनेन्स फैक्ट्री एवं अमीरगंज मस्जिद में लगाई गई हैं। इसके अलावा नायब तहसीलदार पहाड़ी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट अतुलेश सिंह की ड्यूटी रोशन नगर मस्जिद, एन.के.जे. मस्जिद, आयशा मरकज मस्जिद तथा अहमद नगर मस्जिद एवं अहमद मस्जिद में कार्यपालिक दण्डालधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। इस ड्यूटी आदेश के मुताबिक सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेधटों को प्रातरू 7 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक ड्यूटी करने के निर्देश दिये गए हैं । इस सम्पूर्ण व्य वस्थाद का प्रभारी अधिकारी एस.डी.एम. कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा को बनाया गया हैं। श्री मिश्रा समय-समय पर शांति व्यधवस्थाी से वरिष्ठए अधिकारियों को भी अवगत कराते रहेंगे।

### इन अधिकारियों की लगी ड्यूटी

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीके मिश्रा तहसीलदार तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी ईदगाह आदर्श कॉलोनी, जामा मस्जिद ईश्वरीपुरा वार्ड, नगीना मस्जिद एवं नूरी मस्जिद आजाद चौक में लगाई गई है।

इसी प्रकार अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी अल्फर्ट गंज मस्जिद सुभाष चौक, मदरसा मस्जिद बरगवां थाना रंगनाथ, एक मीनारा मस्जिद बरगवां थाना रंगनाथ एवं झर्रा टिकुरिया मस्जिद में ड्यूटी लगाई गई है।

जबकि आकाशदीप नामदेव अति. तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी खरैनी फाटक मस्जिद, ऑर्डिनेंस मस्जिद थाना माधव नगर, मंगल नगर मस्जिद एवं अमीरगंज मस्जिद में ड्यूटी लगाई गई है।

## लॉटरी पद्धति से 73 हितग्राहियों को आवास का आवंटन



विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को जहां एक ओर सशक्त बनाया जा रहा है, वही दूसरी ओर प्रत्येक गरीबों को स्वयं की छत प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने का कार्य भी सरकार द्वारा किया जा रहा है। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें नगर निगम परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के आवंटन कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस दौरान निगम अध्यक्ष मनीष पाठक और एमआईसी सदस्य की मौजूदगी रही। महापौर एवं निगम अध्यक्ष की मौजूदगी में बॉक्स में एकत्रित पर्चियों को क्रमशः एक-एक कर निकालकर 73 पात्र हितग्राहियों को प्रेमनगर खिरहनी में निर्मित कराये गए आवासों का आवंटन किया गया जिसमें श्रीमती अन्नू बर्मन, अरूण कुमार कश्यप तथा बेबी शुक्ला सहित अन्य को लाटरी पद्धति से भवन आवंटित किए गए।

# नदियों के तटों से कब्जा हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पर्यावरण मंच द्वारा शहर की नदियों के सीमांकन की माँग को लेकर संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि शहर से गुजरने वाली चारों नदियाँ अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। भूमाफियाओं के द्वारा इन चारों नदियों के तटों पर कब्जा कर, बड़ी बड़ी इमारतें तान दी गईं हैं, जिससे नदियाँ सिमट गई हैं और वर्ष भर इनमें पानी नगण्य स्थिति में रहता है। चारों नदियों के सिमटते अस्तित्व को देखकर, उक्त दोनों तारीखों (08 एवं 19 जुलाई 2024) को पर्यावरण मंच के माध्यम से जन आँदोलन किया गया था, जिसमें जनता का भारी समर्थन मिला था। किन्तु इतने संवेदनशील विषय पर, जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर



शहर की जनता में भारी आक्रोश है, जिससे प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। मांग की गई है कि नदियों का सीमांकन करवाकर, भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराकर, इन नदियों के अस्तित्व को सुरक्षित किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि जलंगार नदी (रपटा नदी), सिमरार नदी (माई नदी), कटनी नदी एवं निवार नदी (दुगाड़ी नाला) के तटों से कब्जा हटाकर, वृक्षारोपण कराया जाए और शहरवासियों के लिए सैर सपाटा के लिए उपयुक्त बनाया जाए। माँग पूरी न होने की स्थिति में संगठन के द्वारा पुनः जन आँदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल,पर्यावरण मंच के जिला संयोजक धनीराम सोनी, बीएमएस कोषाध्यक्ष संजू द्विवेदी, सुरेश राठौर, श्रीकांत सिंह, विकास कन्देले आदि की उपस्थिति रही।

### जीर्णोद्धार कार्य से 37 हजार मानव दिवसों का मिलेगा रोजगार

# 1.82 करोड़ रुपए से होगा जिले के 19 तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा 15वें वित्त आयोग व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मद से 5 जनपद पंचायतो में 19 तालाबों के मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए जारी की गई 1 करोड़ 82 लाख 58 हजार रूपये प्रशासनिक स्वीकृति से तालाबो के जल संग्रहण क्षमता में वृद्वि और भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ पानी की रिचाजिगं भी होगी ।

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत सलैया के मुरली भटिया तालाब जीणोद्धार निर्माण कार्य हेतु 8.11 लाख रुपए स्वीकृत किये गये है। इसी प्रकार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत देवरी बिछिया में सभा कुंड तालाब जीर्णोद्धार कार्य बिछिया हेतु 9.67 लाख रुपए,जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में तालाब जीर्णोद्धार कार्य छलहाई तालाब घुघरा हेतु 9.44 लाख रुपए,ग्राम पंचायत देवगांव में घटिया तालाब विस्तारीकरण कार्य हेतु 9.98 लाख रुपए, ग्राम पंचायत हथकुरी में मिडहा तालाब विस्तारीकरण हेतु 9.95 लाख रुपए, ग्राम पंचायत करहिया नम्बर-1 में तालाब विस्तारीकरण कार्य छोटी करहिया नम्बर-1 हेतु 9.95 लाख रुपए, ग्राम पंचायत वसुधा में पुतहाई तालाब मरम्मत कार्य वसुधा हेतु 8.06 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बरेटा में तालाब विस्तारीकरण गुरैया बाबा ग्राम ममारपटी हेतु 9.43 लाख रुपए।जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत बंजारी में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य मुक्तिधाम के पास मझगवां हेतु 9.97 लाख रुपए, ग्राम पंचायत खजुरा में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य चिरहा नाला खजुरा हेतु 9.98 लाख रुपए, ग्राम पंचायत उबरा में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य उबरा हेतु 9.90 लाख रुपए और ग्राम पंचायत तिमुआ में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य कुनिया हेतु 9.97 लाख रुपए मंजूर किये गये है। इसके अलावा जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द में तालाब जीर्णोद्धार कार्य पुन्हाई तालाब हेतु 9.97 लाख रुपए, खितौली में तालाब जीर्णोद्धार कार्य दिगुड़ी तालाब मिडरा हेतु 9.80 लाख रुपए, ग्राम पंचायत हदरहटा में तालाब जीर्णोद्धार कार्य चिडौली तालाब हेतु 9.78 लाख रुपए, ग्राम पंचायत करेला में तालाब जीर्णोद्धार कार्य मनकेसरा तालाब करेला हेतु 9.78 लाख रुपए, ग्राम पंचायत हर्रवाह में तालाब जीर्णोद्धार कार्य खिरख हर्रवाह हेतु 9.97 लाख रुपए, ग्राम पंचायत करौंदी कला में तालाब जीर्णोद्धार कार्य कुदरा हार करौंदी कला हेतु 9.79 लाख रुपए , ग्राम पंचायत बरमानी में तालाब जीर्णोद्धार कार्य बिरुहली हेतु 9.78 लाख रुपए की कलेक्टर श्री यादव ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर श्री यादव ने जारी आदेश में कहा है कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय।

### महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर विकास के विषयों पर हुई चर्चा

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित मेयर- इन- काउंसिल की बैठक में नगर विकास एवं नागरिकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक का शुरूआत राष्ट्रगीत के साथ की गई।



बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू, डॉ रमेश सोनी, एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, गोविंद चावला, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में अमृत 2.0 अन्तर्गत वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दरों की स्वीकृति के प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु जारी निविदा में 7 निविदाकारों ने भाग लिया है। फाइनेंशियल बिड खोले जाने के उपरांत प्राप्त न्यूनतम दर के संबध में निविदा समिति की अनुशंसा एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की राज्य तकनीकी समिति की बैठक के अनुमोदन अनुसार अमृत 2.0 सीवरेज प्रोजेक्ट कार्य करने हेतु नवविद्या कंस्ट्रक्शन निविदाकार की न्यूनतम दर राशि की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिये जानें की जानकारी दी गई। जिस पर उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त बैठक में नगर के झिंझरी में नवीन निर्माणाधीन बस स्टैंड का नामकरण पूर्व विधायक स्वर्गीय बच्चन नायक के नाम पर किए जाने के प्रस्ताव की अनुशंसा की जाकर स्वीकृति हेतु निगम परिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया। नामकरण के क्रम में बैठक के अगले प्रस्ताव में बाबा नारायण शाह वार्ड क्रमांक 39 में खैबर माधवनगर कटनी में निर्मित गौरीशंकर मंदिर के समीप के चौक का नाम गौरी शंकर मंदिर चौक किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुशंसा की जाकर दोनों प्रकरणों को स्वीकृति हेतु निगम परिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान वनमंडल कार्यालय अन्तर्गत शासकीय आवासीय परिसर एवं कार्यालय में नल कनेक्शन लगाये जाने और जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य में आ रहे पूर्व से स्थापित विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर को निर्धारित स्थल से अन्यत्र शिफ्ट कराये जाने हेतु विद्युतीकरण कार्य की मेयर-इन-काउंसिल की स्वीकृति की प्रत्याशा में जारी अल्पकालीन निविदा की पुष्टि की गई। इसके साथ ही बैठक के दौरान अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

## उन्नत तकनीकों एवं योजनाओं की किसानों को दी जा रही जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में 12 जून तक गांव -गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में कार्यक्रम के दौरान प्रथम दल द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पथराड़ी पिपरिया, अमगवां एवं जुझारी में, द्वितीय दल के द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम बिजौरी, कछारी एवं भुडसा में किया गया एवं तृतीय दल का कार्यक्रम विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के ग्राम नन्हवाराकला, झिरिया एवं गौरहा में किया गया । विकसित कृषि संकल्प अभियान के कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग एवं अन्य कृषि से सम्बंधित विभागों के अधिकारियो के सयुंक्त दलों द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों से सीधे संवाद करते हुए कृषि वैज्ञानिको द्वारा उन्नत कृषि तकनीकों एवं आगामी फसलों की तैयारियों से सम्बंधित जानकारियां प्रदान की गयी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मृदा स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए बायो डीकम्पोजर के उपयोग एवं इसके लाभों से अवगत कराया गया।, साथ ही कस्टम हायरिंग सेंटर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रो से संबंधित जानकारी दी गयी । अन्य विभागों से उपस्थित अधिकारियो द्वारा सम्बंधित विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गयी।

## खबर संक्षेप

### फागिंग एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव

**कटनी**। शहर में मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण लगाने सहित डेंगू ,मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने तथा विनिष्टिकरण के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के समस्त वार्डों में सघन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत फागिंग मशीनों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर फागिंग से धुआं किए जाने के कार्य के अलावा सुबह के समय में कीटनाशक दवाईयों का भी गली-गली छिड़काव कराया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार को भी नगर के बाबू जगजीवन राम वार्ड की विभिन्न गलियों उड़िया मोहल्ला, एन के जे बस्ती, बजरिया मुख्य मार्ग, शारदा ज्वेलर्स मार्ग, जैन कालोनी की विभिन्न मार्गों सहित हीरो पुक गली आदि क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की जाकर व्यस्क मच्छरों का विनष्टीकरण किया गया। जबकि विगत रात्रि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की समस्त गलियों मे फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ का छिड़काव किया जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद पोधारोपण कार्यक्रम

**कटनी**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को वूमेन फॉर ट्री अभियान के तहत "अमृत मित्र" एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वृहद रूप में निकाय अंतर्गत जल शोधन संयंत्र पार्क क्षेत्र नगर निगम कटनी में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीती संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे तहसीलदार बी.के.मिश्रा सहित पार्षदगण एवं एन.यू.एल.एम. व पी0डी0एम0सी0 से अमृत मित्र नोडल अधिकारी स्व सहायता समूह आस्था महिला स्व सहायता समूह, आर्य महिला स्व सहायता समूह ,लहर महिला स्व सहायता समूह ,नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूह, बरगद महिला स्व सहायता समूह ,कार्तिकेय महिला स्व सहायता समूह की काफी महिलायें उपस्थित रहीं ।

### दो विद्यालयों में 6.47 लाख से होगा विद्युतीकरण कार्य

**कटनी**। नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर प्रयास किये जा रहे है। इसी श्रृंखला में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं आयुक्त नीलेश दुबे के कुशल निर्देशन में नगर निगम के माध्यम से शहर के दो शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के पठन- पाठन की सुचारू कार्य व्यवस्था के लिए विद्युत व्यवस्था के सुदृढीकरण कार्य हेतु 6 लाख 47 हजार 953 रुपए की निविदा जारी की गई है। शहर के हीरागंज स्थित शासकीय यशोदा बाई माध्यमिक शाला तथा साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी के कक्षों में विद्युत फिटिंग के कार्य होगा। वर्तमान में शाला परिसर के कक्षों में विद्युत व्यवस्था जीर्ण शीर्ण होने के कारण छात्रों एवं शाला स्टाफ को अध्ययन एवं अध्यापन कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो जाने पर दोनों ही स्कूलों के छात्रों को पठन-पाठन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### युवक ने लगाई फांसी

**सिलौड़ी**। एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार चक्रवर्ती 21 वर्ष ग्राम पिंडरई पिपरिया ने सिलौंडी में दोपहर 3.30 बजे के लगभग राम बाग स्टेडियम के सामने वाले खेत में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली । ग्रामीणों की सूचना पर चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल घटना स्थल पहुंचे। पंचनामा तैयार कर शव को पेड़ उतरकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल उमरिया पान भेजा । चौकी प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान करते हुए परिजनों को बुलाया कार्यवाही की गई। युवक द्वारा खुदकुशी क्यों कि गई इस मामले की जांच की जा रही है।

ग्राम पिंडरई का मामला, निर्माण कार्य में लीपापोती कर राशि कर ली हजम

# नल-जल योजना में करोड़ों फूंकने के बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ग्रामीण स्तर पर लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार नल जल योजना के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी एवं बेपरवाही के चलते महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। भीषण गर्मी के समय भी लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम पिंडरई में कुछ ऐसा ही हो रहा है। यहां नल जल योजना के तहत ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रूपए फूंका गया लेकिन तब भी लोग पानी के लिए मोहताज है।



#### कलेक्टर को बताई समस्या

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गत दिवस लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई। लोक जनसुनवाई मे ग्राम पंचायत पिंडरई की शिकायत सामने आयी जिसमे सरकार ने पहले हर घर नल-जल योजना का अनावरण किया था। जिसके तहत प्रदेश के हर घर में नल लगाकर पानी पहुंचाने की सफल योजना तैयार की गई थी। लेकिन ग्राम पंचायत पिंडरई तहसील ढीमरखेड़ा ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई है सरकार द्वारा संचालित योजना नल-जल योजना में ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों ने भ्रष्टाचार करके और लीपापोती करके नल-जल योजना के तहत एक टंकी के निर्माण के लिए सरकार से लगभग 1.36 करोड़ रुपये स्वीकृत करवा लिए जो गांव के हित में हर घर में पानी पहुंचाने के लिए था।

#### जगह जगह से टूटी पाइप लाइन

ठेकेदारों और विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से नल-जल योजना के तहत नई लाइन बिछाने के बजाय पुरानी जर्जर लाइनों की मरम्मत करके नल-जल योजना शुरू कर दी गई, जो कुछ ही समय में बेकार हो गई। जगह-जगह रुकावटें और टूटी हुई पाइपों के कारण समस्याएं पैदा होने लगीं। और जहां सरकार को हर घर में पानी पहुंचाना था, वहां पानी ही नहीं पहुंच रहा है। इसके साथ ही हर घर में नए कनेक्शन लगाए जाने थे, लेकिन गांव के आधे घरों में कनेक्शन देने का काम पूरा नहीं हो पाया है।

#### भीषण गर्मी में पानी के लिए ग्रामीणों की हो रही फजीहत

हर घर में पानी मिलना तो दूर की बात है, ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। गांव में लगे ट्यूबवेल गर्मी के कारण सूख चुके हैं। हर घर नल जल योजना ग्रामीणों की राहत के लिए थी, लेकिन ठेकेदारों और अधिकारियों ने भ्रष्टाचार कर निर्माण कार्य में लीपापोती कर सारा पैसा हड़प लिया और काम अधूरा छोड़ दिया। जिसके कारण ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं।



## महापौर ने सफाई कार्य का निरीक्षण कर दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित वर्षा ऋतु के दौरान उत्पन्न होनें वाली जलप्लावन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा जारी नाले नालियों का सफाई अभियान का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड, बरगवां स्थित भूमिप्रकट शारदा देवी मंदिर मार्ग के पास एवं बंधवा टोला स्थित बड़े नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए।

इस दौरान एमआईसी सदस्य एवं स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष श्री सुभाष शिब्बू साहू, पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह की मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती सूरी ने स्थल पर जे.सी.बी मशीन एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से किये जा रहे नाले की सफाई कार्य के दौरान निकलने वाले गाद एवं मलमें का उठाव कार्य करने तथा आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की तल्ली से सफाई कराने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। वहीं स्थानीय नागरिकों से सार्वजनिक नाले एवं नालियों में कचरा नहीं डालने की अपील भी की। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें स्वास्थ्य अमले को हिदायत देते हुए कहा कि नाले - नालियों की सफाई का कार्य समय रहते वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण कर लिया जाये ताकि अतिवर्षा के दौरान नागरिकों को जलप्लावन की समस्या का सामना न करना पड़े।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जन शिक्षण संस्थान ने किया पौधारोपण

## सांसों का महत्व समझिये और सभी मिलकर एक पौधा अवश्य रोपिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को जन शिक्षण संस्थान कटनी द्वारा राम मनोहर लोहिया वार्ड, कटनी में विष्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।



इस कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक श्रीमती लाली सिंह के द्वारा विष्व पर्यावरण दिवस पर सभी को यह संदेश दिया कि '' मनुष्य के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि 'प्रकृति के लिए मनुष्य' ही साध्य हो, तब ही मनुष्य का जीवन सच्चे अर्थो में सुखी हो सकता है। वृक्ष हमारे लिए यूं ही पूजनीय नहीं है, हम वास्तव में उनके गुणों की पूजा करते हैं। इसी गुणग्राहकता के चलते भारतीय परंपरा वृक्ष लगाने को महान पुण्यदायक कहती है, हम आम, नीम, पीपल, आवंला, अमरूद जैसे तमाम पेड़ केवल फल या अपने फायदे के लिए नहीं, बल्कि चीटी से चमगादड़ तक, प्रकृति के सभी अंषों को ध्यान में रखकर लगाते है हमारे देश में प्रति व्यक्ति 26 पेड़ों को उपलब्धता है, जबकि अमेरिका में यह औसत 716 पेड़ प्रति व्यक्ति है। हमारी जनसंख्या अधिक है, फिर भी हम रिक्त स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर एक अच्छा संतुलन जरूर स्थापित कर सकते है।'' अतः उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 लोगों के लायक हमें ऑक्सीजन साल भर में देता है इसीलिए साँसों का महत्व समझिये और पुनः सभी से अनुरोध किया कि आज एक पेड़ अवष्य लगाइयें। कार्यक्रम अधिकारी नित्यांषु गहरवार ने अपने वक्तव्य में बताया कि पर्यावरण के प्रति हमारा समपर्ण केवल वृक्ष लगा कर पूरा हो सकता है यह सम्भव नही है क्यो कि वर्तमान समय में शहरो मे इतनी जगह नही है कि वृक्ष लगाया जा सके। इस परेशानी का एक हल यह है कि हम अपने घरो मे आंगन व टेरिस पर पौधे लगा सकते है।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम अधिकारी नित्यांशु गहरवार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बबीता सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक अजय पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमन्त राज व एकांउटेट अखिलेश यादव लेखाकार ने भूमिका निभाई।

### कानून व्यवस्था बनाये रखने क्षेत्र भ्रमण कर लिया जायजा



स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने गत रात्री क्षेत्र का पैदल भ्रमण करते हुए आम जनमानस को पुलिस की सक्रियता का आभास कराया एवं अपराधिक तत्वों पर नकेल कसने का की पहल की। उन्होंने कहा की पैदल भ्रमण का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधियों में पुलिस की सक्रियता का संदेश देना था। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने इस दौरान क्षेत्र के लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने इस दौरान अपराधियों को कड़ा संदेश देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी भी अपराध को बर्दाश्त नहीं करेगी और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। स्लीमनाबाद पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी हुई है और लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

## आठ अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 1.87 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने 15वें वित्त मद एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम से जनपद पंचायत बड़वारा एवं कटनी में 8 अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 86 लाख 76 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। 6 अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत को बनाया गया है। जबकि कलेक्टर ने 2 अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य की निर्माण एजेंसी वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल कटनी को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम कुठिया महगवां में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण के लिए 24.77 लाख रुपए, ग्राम ताली रोहनिया में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 24.25 लाख रुपए, ग्राम मचमचा में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण के लिए 22.17 लाख रूपए और ग्राम सलैया सिहोरा में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के ऊ 22.41 लाख रुपए तथा ग्राम सांधी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु 23.32 लाख रुपए और ग्राम मोहनी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु 20 लाख रूपए तथा ग्राम नदियाटोला में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु 24.86 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर ने प्रदान की है। जबकि जनपद पंचायत कटनी के ग्राम सुनहरी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 24.98 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है।

कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाए । यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि निर्माण कार्य का संपादन स्वीकृत प्राक्कलन, रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार करने के लिए निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया है।निर्माण कार्य में उचित गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए।

बकरीद पर्व में विभिन्न व्यवस्थाएं करने में जुटा अमला

## मस्जिद, ईदगाह, कर्बला शरीफ एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में चला विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शनिवार को मुस्लिम समुदाय के ईद-ए-अजहा बकरीद पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों, ईदगाह, कर्बला शरीफ, कबिस्तान, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों सहित मिशन चैक स्थित मीट मार्केट स्लाटर हाउस की सफाई एवं धुलाई के कार्य सहितनगर के अन्य स्थलों एवं पहुच मार्गो की विशेष साफ- सफाई एवं आवश्यकतानुसार सफाई का कार्य किया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया।

सफाई व्यवस्था के दौरान प्रातः से नगीना मस्जिद, आजाद चौक मस्जिद, एवं गाटरघाट कर्बला शरीफ, जामा मस्जिद, अहमद नगर स्थित मस्जिद, वेंकट वार्ड स्थित मस्जिद, रोशन नगर मस्जिद, गौंसिया मस्जिद, नूरी मस्जिद सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र की मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई का कार्य कराया गया। वहीं आदर्श कॉलोनी स्थित मस्जिद में धुलाई की जाकर कीटनाशक दवाओं का छिडकाव भी किया गया। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने बकरीद पर्व को देखते हुए मस्जिद,ईदगाह एवं अन्य स्थलों में आवारा मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंध लगाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

नगर के सार्वजनिक मार्ग की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से दो पालियों में की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत विगत रात्रि सागर पुलिया की दोनों ओर की दीवारों की धुलाई कार्य सहित बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय, रैन बसेरा, मुक्तिधाम परिसर सहित क्षेत्रीय विभिन्न मार्गो में सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के वार्डों के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जाकर निकलने वाले कचरे को गार्वेज बैग में एकत्रित कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

#### जल निकासी के प्रयास

वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या के निदान हेतु चलाये जा रहे नाले- नालियों के सफाई अभियान के तहत मुक्तिधाम पहुंच मार्ग, वार्ड क्रमांक 39 में चावला चैक से ग्राम पंचायत चैराहा तक, गुरूनानक वार्ड गर्ग चैराहा, बरगवां मेन रोड़, वार्ड क्रमांक 10 सौंधिया गली, नदीपार चैधरी बस्ती, समदडिया कॉलोनी के कच्चे नाले वार्ड क्रमांक 39 मेन रोड एडीएम लाईन, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला शमशान भूमि रोड एवं क्षेत्रीय अन्य स्थलों, बस स्टेंड एच.पी.गैस एजेंसी के पास, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर रोड, वार्ड क्रमांक 27 मेन रोड के नाले, बरगवां कटाई घाट गेट के पास के नाले, सहित नगर के अन्य स्थलों के छोटे एवं बडे नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म बासरानी इंडस्ट्रीज कटनी (थोक व्यापारी अनुज्ञप्ति क्र. B/10, मान नं. 3040271) को प्रोपराईटर से पार्टनरशिप किया जाना है, जिसके संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कटनी (पहरूआ रोड) कटनी में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारी नहीं होगी एवं फर्म बासरानी इंडस्ट्रीज कटनी के

श्री बासरानी इंडस्ट्रीज रॉबर्ट लाइन, माधव नगर, पड़रवारा, जिला कटनी (म0प्र0) मो.नं. 9329443075

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश

## आम रास्ते पर अतिक्रमण, उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मवेशियों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंतर्वेद पहुंच कर यहां आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 102 ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम निधि सिंह गोहल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।



#### दिलायें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पोस्ट खम्हरिया निवासी कैलाश दाहिया ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की मांग करते हुए कहा की मैं दिव्यांग हूँ ,इसलिए मुझे ट्राई मोटरसाइकिल दिलाई जाय। इस पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सामाजिक न्याय विभाग को पात्रतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

#### राजस्व रिकॉर्ड में सुधार करायें

ग्राम मुरवारी निवासी राजेन्द्र पाठक ने आवेदन देते हुए बताया कि ढीमेरखेड़ा तहसील के पटवारी हलका नंबर 41 के राजस्व रिकॉर्ड में 2 एकड़ भूमि वाले किसान की जगह नाम 1.5 एकड़ भूमि वाले किसान का नाम एवं 1.5 एकड़ भूमि वाले किसान के नाम की जगह 2 एकड़ भूमि वाले किसान का नाम दर्ज हो गया है। ऐसी स्थिति में भविष्य में होने वाले संभावित संघर्ष को देखते हुए राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटियों में सुधार करायें। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को राजस्व रिकाड्र्स की जाँच कर शिकायत के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

#### अतिक्रमण हटवाएं

ग्राम खम्हरिया निवासी बालेन्द्र प्यासी एवं अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए बताया की स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बृहस्पति साकेत द्वारा आम रास्ते का अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को मामले की जाँच कर निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

#### उप स्वाथ्य केन्द्र में टीकाकरण के समय ही आते हैं कर्मचारी

ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने जनसुनवाई के दौरान बताया की यहाँ उपस्वास्थ्य केन्द्र में कोई भी स्थायी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। केवल टीकाकरण के समय ही वे आते हैं। बाकी समय यहाँ मवेशियों का झुण्ड लगा रहता है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीएमएचओ को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेले का तृतीय चरण एमएलबी विद्यालय में 14 एवं 15 जून को

**दमोह।** पुस्तक मेले का तृतीय चरण महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 14 एवं 15 जून 2025 को आयोजित किया जा रहा हैं। मेले में पुस्तके एवं स्टेशनरी के साथ शूज, यूनिफॉर्म, बैग एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध रहेगी। पुस्तक मेले का आयोजन शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। मेले में कक्षा 1 से 12 वी तक की समस्त पुस्तके उपलब्ध रहेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों से आग्रह करते हुए कहा मेले में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेले को सफल बनाए। मेले के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को समय से समस्त प्रकार की पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म आदि उपलब्ध कराना है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा ने सभी अशासकीय/ शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफ से कहा मेले के आयोजन की सूचना सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

### उर्वरकों के उपयोग के लिए दिया प्रशिक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा एपीसी (apc) विभागों की बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत जिले की समस्त 102 सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्पों, नैनो डी.ए.पी., नैनो यूरिया के उपयोग एवं महत्व के बारे में प्रशिक्षण दिया। समितियों को डी.ए.पी. विकल्प के बैनर एवं पम्पलेट उपलब्ध कराए गए। साथ ही सभी समितियों से समिति स्तर पर सदस्य कृषकों हेतु दिनाँकवार कार्यक्रम बनाकर कृषक प्रशिक्षण के लिए कहा गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह एवं इफको प्रतिनिधि मनोज गर्ग उपस्थित रहे।

पंचायत में मची भर्राशाही अनेक निर्माण कार्य चढ़े भ्रष्टाचार की भेंट

# जलहरी में हरिजन मोहल्ला के लोगों को नही मिल रहा पीने को भी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जलहरी के हरिजन मोहल्ला के निवासियों को इतनी भीषण गर्मी में भी विगत 15 दिनों से पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। जिसको लेकर लोगों ने जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह को बुलाकर अपनी समस्या सुनाते हुए बताया की ग्राम जलहरी में नल जल मिशन से आने वाला पानी विगत 15 दिनों से बंद है।

जब इस संबंध में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने सरपंच जीवन सिंह से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि मुझे इससे कोई मतलब नहीं नल जल मिशन का काम है और जब नल जल मिशन के योगेश जी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया की टंकी भरना हमारा काम है बाकी गांव में सप्लाई करना पंचायत का काम है। ग्राम के लोगों ने बताया कि जब गांव के ग्रामीण यशपाल ने ऑपरेटर जसवंत सिंह से कहा तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपके मोहल्ले में पानी नहीं आएगा आप जहां चाहे शिकायत कर लो पानी नहीं आएगा। वही जबेरा जनपद पंचायत सीईओ डॉ आरपी पटेल से उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने बात कि उन्होंने कहा मैं दिखवाता हूं अभी टंकी खाली है मैं अभी टैंकर भिजवाता हूं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि अगर ग्रामीणों की समस्या को नहीं सुना गया तो ग्रामीण धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि इसी तरह ग्राम पंचायत जलहरी में जमकर भर्राशाही मची हुई है निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए।

पुराने चबूतरा को लीपापोती कर नया बना दिया गया और 100000 रुपए की राशि निकाली गई। इसी प्रकार फर्जी सीसी बना दी गई जो सीसी 12 साल पहले बनाई गई थी सुंदर रजक के घर से राम मंदिर तक लगभग 30 मी उसमें 367000 रुपए की राशि निकाल ली गई है और काम कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह 5 वे वित्त से वृद्ध जनों हेतु चबूतरा निर्माण करवाया गया नीम के पेड़ के पास जबकि गांव में कहीं भी किसी भी नीम के पेड़ के पास कोई चबूतरा नहीं बनवाया गया है। इसमें भी 100000 रुपए की राशि निकाल ली गई। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मांग की है कि ग्राम पंचायत जलहरी के संपूर्ण कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# अग्निवीर घर आया तो हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

एक गरीब घर के लड़के ने अपने परिवार के सहयोग एवं स्वंय की मेहनत से सेना में अग्निवीर की परीक्षाओ में सफला पाकर एवं अपनी टेaaनिंग कर जब घर वापिस आया तो नगर के लोगो ने भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को शाम 6 बजे अग्निवीर आजाद साहू पिता रूपचंद साहू का नगर आगमन होने पर नगर की जनता एवं गणमान्य नागरिकों ने आजाद का दिल खोलकर स्वागत किया। विघानगर स्थित ज्वाला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद आजाद का फूलमाला तिलक एवं डीजे ढोल के साथ स्वागत जुलूस निकाला गया जो आजाद के घर संपंन हुआ। 7 माह पूर्व आजाद का अग्निवीर में सिलेक्शन हुआ था पुणे के अहमदनगर में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद नगरामन पर नगरवासियों ने हृदय से स्वागत किया। आजाद कहते हैं कि मेरे परिवार ने मेरा पूरा सहयोग किया हैं पिता रूपचंद्र साहू की आर्थिक स्थिती ठीक नहीं थी फिर भी उन्होनें मुझे किसी भी चीज की कभी कोई कमी महसूस नहीं होने दी मेरी पढ़ाई में उन्होनें पूरी मेहनत लगा दी। तब जाकर आज ये मुकाम हासिल हुआ हैं। सभी नगरवासियों को बहुत बहुत धन्यवाद। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, रामकुमार साहू, विवेक जैन, मनीष साहू, हरि साहू, लक्ष्मण यादव, प्रदीप जैन, पप्पू घोषी, दीपक कटारे, रघुवीर सिंह लोधी, बहादुर ठाकुर के अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों ने आजाद का स्वागत किया।

# केमिस्टों ने वितरित की फूड बॉस्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनसा अनुसार टीवी मुक्त भारत अभियान निर्धन गरीब वर्ग के टीवी मरीजों को औषधि विक्रेताओं ने नि-क्षय मित्र बनकर 6 माह के लिए 50 टीवी मरीजों को गोद लिया। जिन्हें दाल, चावल, चना, सोयाबीन, तेल, दूध पाउडर वितरित करने का लक्ष्य तय किया। जिसके तहत दमोह नगर के साथ ही जिले की समस्त तहसीलों में फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम किया गया।इसी श्रृंखला में सिविल अस्पताल हटा परिसर स्थित नि-क्षय कक्ष में औषधि विक्रेता हटा तहसील ने टीवी के 10 मरीजों को किट प्रदान की साथ ही मरीजों को दवा के सेवन के साथ ही किट में दी गई सामग्री को सेवन करने एवं धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी।

पृथक पृथक 10 केमिस्टों ने एक-एक टीवी मरीज को 6 माह के लिए गोद लिया। आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी बीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल, डॉ क्षितिज चौरसिया, टीवी यूनिट प्रभारी हरिकृष्ण दहायत, अनिल नामदेव, लैब टेक्नीशियन हरिशंकर साहू, औषधि विक्रेता लखन मोदी, सुधीर पाठक, सुशील बजाज, श्याम नायक, मनीष सिंघई, अज्जू हसन, योगेश अग्रवाल, रविकांत बिदोल्या, दीपांशु सोनी, धर्मेंद्र साहू, राजेंद्र मोदी के साथ ही केमिस्ट बंधुओं एवं स्वास्थ्य अमला की उपस्थिति रही।



### स्वास्थ्य विभाग ने माना आभार

स्वास्थ्य विभाग ने केमिस्ट बंधुओं का आभार मानते हुए कहा कि आप सभी ने नि-क्षय मित्र बनकर जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य पूरा किया है आशा है आप सभी की तरह अधिक से अधिक लोग नि-क्षय मित्र बनाकर प्रत्येक छय रोगी जो गरीबी, मानसिक स्थिति से कमजोर है उनका हमेशा साथ देंगे उनका मनोबल बढ़ाते हुए जल्द स्वस्थ्य होने में सहयोग करेंगे। सभी केमिस्ट साथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद।

गली गली में कट रही सट्टा पर्ची....

# बेरोक-टोक गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब, जिम्मेदार अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

क्षेत्रीय जनता की शिकायतों एवं आए दिन अखबारों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ समाचार प्रकाशित होने के बाद भी क्षेत्र में खुलेआम चल रहा अवैध शराब बिक्री का कारोबार से आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार एवं क्षेत्रीय जनता की जुबानी गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम मुहरई ,खमरगौर, कचनारी, शराफ चोपरा, भैंसा जैसे अनेक गांव में धड़ले से शराब की बिक्री चाय पान की तरह की जा रही है। जबकि शासन की लाइसेंसी दुकाने हिनौता कला एवं गैसाबाद में है इन्हीं दुकानों की आड़ में शराब माफिया गांव गांव में अपने एजेंट बिठाकर घर-घर शराब पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इतना ही नहीं प्रिंट रेट से अधिक दामों पर शराब बेची जाने की भी शिकायतें लोगों द्वारा की जा रही है। इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा शराब माफिया के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने की चर्चा लोगो की दबी जुबान सुनी जा रही हैं। मुमकिन नहीं की गांव-गांव बिक रही अवैध रूप से शराब बिक्री की जानकारी आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन को ना?हो अवैध शराब के कारोबार से जहां लोगों को शराब पीने की लत लग रही है। वहीं दूसरी ओर शराब के नशे में कई घर बर्बाद हो रहे हैं। ठीक इसी तरह से क्षेत्र में सट्टा का अवैध कारोबार भी अमरबेल की तरह फैलता ही जा रहा है ग्राम मुहरई के लोग बताते हैं कि हमारे गांव मुहरई में बस स्टैंड पर खुलेआम सट्टा की बुकिंग की जाती है। सट्टा के इस खेल में कई घर परिवार बर्बाद हो चुके हैं लोग एक के 80 रुपया पाने की लालच में रोज सट्टा लगाते हैं लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगती है जबकि सट्टा खिलाने वाले मुख्य सटोरिया की हर रोज जीत होती है, ग्राम गैसाबाद के बस स्टैंड पर भी सट्टा बुकिंग कीये जाने की चर्चा जोरों पर है। ग्रामीण जनो ने अवैध शराब बिक्री एवं अवैध सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। इस विषय पर जब पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की जाती है तो हमेशा यही जवाब दिया जाता है कि पुलिस समय-समय पर अवैध शराब बिक्री एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करती है।

### आवासों की निष्पक्ष जांच के लिए जनपद सीईओं को आवेदन दिया

**पथरिया**-जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खजरी पंचायत के ग्राम करैया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सूची जारी हुई जिसमें शासन की योजना अंतर्गत जो पात्रता के लिए तय दायरा किया है उसके दरकिनार करके आवास दें दिए गए जिसकी जांच के लिए जनपद पंचायत सीईओं को आवेदन 28 मई को देकर निष्पक्ष जांच की मांग ग्राम के रामप्रसाद अठया ने की है।

### जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर ने जिले में विभिन्न विभागों के उपविभागों में लंबित सी.एम. हेल्पाईन शिकायतों के निराकरण एवं नियमित समीक्षा हेतु जिले के विभाग प्रमुखों को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। उन्होंने कहा नोडल अधिकारी उप विभागों के संबंधित अधिकारियों से समन्वय एवं पत्राचार करते हुए जिले की लंबित शिकायतों के निराकरण आदि के उत्तरदायी होंगे।

# पुस्तकों का विमोचन एवं सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



**दमोह।** श्रीमती पदमा ओजेन्द्र तिवारी की सेवा अवधि पूर्ण हो जाने पर उनके सम्मान में सेवानिवृत्ति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। वह कौन है लघुकथा संग्रह, चहकता आंगन बाल काव्य संग्रह, कल मिलने को आना काव्य संग्रह, विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सुरेश पचौरी, विशिष्ट अतिथि राम शर्मा आचार्य बीना, मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र जी शर्मा, राजस्थान नगर डींग राजस्थान, कार्यक्रम में लेखक ओजेंद्र तिवारी का परिचय, पीएस परिहार पिम्मी द्वारा दिया गया। प्रारंभ में सरस्वती पूजन के उपरांत राम कुमार तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना की गई । हरिश्चंद्र शर्मा द्वारा पदमा तिवारी एवं ओजेन्द्र तिवारी को अभिनंदन पत्र बृजवानी सेवा समिति द्वारा प्रदान किया गया। पदमा तिवारी एवं ओजेन्द्र तिवारी को दिए गए अभिनंदन पत्र का वाचन बी एम दुबे द्वारा किया गया। पदमा तिवारी का साहित्यिक परिचय मनोरमा रतले द्वारा दिया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश पचौरी द्वारा लघुकथा संग्रह वह कौन है के संदर्भ में विचार प्रस्तुत किए गए और कहा लघुकथाएं बहुत सुंदर हैं। समाज को रास्ता दिखाने का काम कर रही हैं। मंच पर उपस्थित जनों द्वारा कवि-कवियत्री का सम्मान किया गया। वैभव तिवारी ने अपने माता-पिता को अपने हृदय के उद्गार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन इंजीनियर अमर सिंह राजपूत अध्यक्ष मध्य प्रदेश लेखक संघ दमोह ने किया। उन्होंने कहा गौरव की बात है कि थाईलैंड के बैंकॉक में इनका सम्मान करते हुए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों सहित अनेक पत्रकार भी शामिल हुए। सभी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। आभार वैभव तिवारी ने किया।

# दमोह के बच्चों के प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नीति आयोग द्वारा टेकथान 2025 प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्र स्तर पर कुल 25 विद्यालयों का चयन किया गया है, जिसमें दमोह के विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम केशवनगर की कक्षा 8 में अध्ययनरत बहन चंचल ठाकुर एवं कक्षा 6 में अध्ययनरत चारू ठाकुर के द्वारा बनाए गए इनोवेटिव प्रोजेक्ट का चयन हुआ है। इसमें विद्यालय की प्राचार्या डॉ. स्वप्ना तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं। प्रभारी विवेक प्रजापति एवं सह प्रभारी शिवाली मिश्रा के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि संपूर्ण जिले एवं राज्य के लिए गौरव का विषय है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मधुकर शिक्षा समिति के सचिव लालजीराम पटेल द्वारा समस्त विद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित की गई। विद्यालय की ओर से विद्या भारती मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष विवेक जी शेंडे ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्वप्ना तिवारी जी के साथ समस्त स्टाफ एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

उल्लेखनीय है कि अटल टिंकरिंग लैब भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन के तहत एक उपमिशन है, जो नीति आयोग के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्य करता है। सम्पूर्ण भारत देश में लगभग 10000 अटल टिंकरिंग लैब 2016 से संचालित हो रहीं हैं। अटल टिंकरिंग लैब का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। ये लैब छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इजीनियरिंग और गणित की अवधारणा को प्रयोगात्मक तरीके से समझने के लिए उपकरणों और संसाधनों की सुविधा प्रदान करती है एवं छात्रों में तकनीकी ज्ञान विकसित हो सके इस हेतु मंच प्रदान करते हैं।

# रैली निकालकर स्कूल में किया पौधरोपण



**हटा।** पर्यावरण के प्रति एक दृढ़ संकल्प के साथ रक्षा भाव तथा समाज में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम संस्था के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में पर्यावरण के प्रति किशोरों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य को लेकर सनकुईया गांव में जागरूकता रैली निकालकर स्कूल में पौधे लगाए गए। इस दौरान मास्टर ट्रेनर अमजद कुरैशी ने जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी है ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधरोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। जिससे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार अपना सकें। वहीं स्कूल प्राचार्य मनोज नामदेव ने कहा कि हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला 'विश्व पर्यावरण दिवस' हमें याद दिलाता है कि मानवता ने प्रकृति को कितना नुक़सान पहुंचाया है और साथ ही ये आगाह भी करता है कि अब आगे इस संकट से किस तरह से निपटना है। यह एक चेतावनी है कि अगर हमने अभी क़दम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी रहने योग्य नहीं बचेगी। किशोर किशोरियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। रैली निकाली गई जिसमें पेड़ लगाने और पृथ्वी बचाने जैसे नारे दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संस्था प्रतिनिधि नितेश कुसम्हा, मास्टर ट्रेनर अमजद कुरैशी, वर्षा राजपूत, शिक्षक मुकेश रैकवार, कमलेश ताम्रकार, आशा दुर्गा प्यासी साथिया अमित पटेल सहित किशोर किशोरियों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हीडलबर्ग सीमेंट नरसिंहगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का भव्य समापन कार्यक्रम कारखाना प्रमुख सुरेश दुबे के मार्गदर्शन से एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय सागर के सानिध्य में संपन्न किया गया। हीडलबर्ग सीमेंट, नरसिंहगढ़ द्वारा विगत 10 दिनों से चलाए जा रहे पर्यावरण दिवस जागरूकता कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह अत्यंत उत्साह और जागरूकता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर 1000 से अधिक कर्मचारियों एवं श्रमिकों को पॉलिथीन और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने हेतु शपथ दिलाई गई। कॉलोनी रेजिडेंट्स को ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों एवं नाटक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस दौरान प्लांट हेड सुरेश दुबे ने अपने संबोधन में दैनिक जीवन से पॉलिथीन एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक को त्यागने की अपील की। उन्होंने हर व्यक्ति से 'एक पेड़ मां या परिवार के नाम' लगाने और उसे वर्षभर जीवित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। पर्यावरण प्रमुख अशोक तिवारी ने अपने वक्तव्य में पौधों की जीवन में उपयोगिता, प्लास्टिक के खतरनाक प्रभाव, एवं उसके विकल्पों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बीते 10 दिनों में हुई समस्त गतिविधियों की एक विस्तृत विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। इस समापन समारोह में बच्चों, महिलाओं, पुरुष स्टाफ और श्रमिक बंधुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने भी कार्यक्रम की खुले दिल से सराहना की, विशेष रूप से पक्षी संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रयासों को खूब सराहा गया। हीडलबर्ग सीमेंट द्वारा समाज में इस प्रकार के पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अंततः 10 दिनों मे किए गए जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर सुधार लाना है इसलिए ग्रामीण जनों ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रेजेंटेशन सामग्री डिस्ट्रीब्यूशन किया गया तथा घर-घर जाकर भीड़भाड़ एरिया में जाकर रेलवे स्टैंड में जाकर बस स्टैंड में जाकर गैदरिंग वाले एरिया में जाकर जमीनी स्तर पर सुधार हेतु या जागरूकता हेतु कार्य किया गया जिसकी प्रशंसा आसपास के गांव द्वारा की जा रही है 1 इस व्यापक प्रयास की आसपास के गाँवों के निवासियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे एक सकारात्मक सामाजिक पहल बताया। हीडलबर्ग सीमेंट, नरसिंहगढ़ का यह प्रयास न केवल कंपनी की सामाजिक और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि संगठित प्रयासों से ग्राम्य एवं शहरी क्षेत्रों में स्थायी पर्यावरणीय परिवर्तन लाना संभव है।

खबर संक्षेप

## आज मनाया जायेगा ईदुज्जुहा का पर्व

**दमोह।** देश भर के साथ दमोह जिले में भी ईदुल जुहा का पर्व आज शनिवार को मनाया जायेगा। ईद की नमाज़ जिले भर की मस्जिदों और ईदगाह मस्जिद में पढ़ी जाएगी , नगर के फुटेरा तालाब के पास ईदगाह मस्जिद में आज शनिवार सुबह 8 बजकर 30 मिनिट पर नमाज़ होगी जिसे जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफ़ज़ि मुनव्वर रज़ा साहब ईदुल जुहा की नमाज़ पढ़ायेगें दमोह ईदगाह मस्जिद कमेटी अध्यक्ष आज़म खान ने सभी मुस्लिम भाइयों से अपील की है कि ईदगाह मस्जिद में नमाज़ अदा करने वक़्त पर पहुँचे । और बाद नमाज़ कुर्बानी करने में स्वच्छता का ख्याल रखे साथ ही कुर्बानी का कोई भी फ़ोटो वीडियो किसी भी सोसलमीडिया पर अपलोड ना करें आसपास साफ सफाई का ख़ास ख्याल रखें और एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए इस पर्व को मनाए । समस्त कमेटी सदस्यों ने नगर के मुस्लिम भाइयों से ईदगाह मस्जिद में नमाज़ अदा करने की अपील की हैं ।

## जातीय जनगणना शीघ्र कराई जाये: अरूण दुबे


**दमोह।** जिला युवा कांग्रेस के युवा नेता अरूण दुबे ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मंशानुसार जिस तरह जातीय जनगणना की बात केन्द्र सरकार से मनवाई है उसी तरह मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार भी शीघ्र ही जातीय जनगणना करवाये क्योकि 2011 से अब तक किसी भी प्रकार की जातीय जनगणना नहीं हुई है। जातीय जनगणना होने से यह स्पष्ट हो जायेगा कि किस जाति का आरक्षण दिया जाये अथवा किस जाति को नहीं। कांग्रेस के नेता आरूण दुबे ने कहा कि यदि मध्यप्रदेश सरकार शीघ्र ही जातीय जनगणना नहीं करवाती तो युवा कांग्रेस पंचायत स्तर पर अपने युवा कांग्रेस के साथियो के साथ स्वयं जातीय जनगणना करवायेगी।

## बस ऑपरेटर की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**दमोह।** कलेक्ट्रेट सभागार में परिवहन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों में संचालित बस ऑपरेटर के साथ बैठक की। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने बस ऑपरेटरों को अपनी बस में मानकों के पालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर यातायात पुलिस सूबेदार भारती आर्य, बस संचालक मौजूद रहे।

## डॉ संजय त्रिवेदी की माताजी का निधन

**हटा।** नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. रमाशंकर त्रिवेदी जी की धर्मपत्नी एवं डॉ संजय त्रिवेदी, राजेश त्रिवेदी, ( बेलू भाई ) की पूज्यनीया माता जी श्रीमती मुक्तादेवी जी 93 वर्ष का शुक्रवार को हटा स्थित पैतृक निवास पर निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार हटा मुक्तिधाम में किया गया जहां सभी वर्ग के लोगों ने सम्मिलित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।



मकान बनाने के लिये बैक से निकाले थे रुपए, नवोदय वार्ड ककराई इलाके की घटना

# घर के सामने किसान से एक लाख रुपए लूटकर भागे बाइक सवार दो बदमाश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के सबसे व्यस्ततम इलाका मंदिर मस्जिद चौराहा के समीप संचालित यूनियन बैंक से गुरुवार की दोपहर एक लाख रुपए निकाल कर घर पहुंचा किसान लूट का शिकार हो गया। दरअसल बैंक से ही पीछा कर रहे बाइक सवार उसका पीछा करते हुए घर पहुंचे और मौका पाकर रुपए से भरा थैला लूटकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक नवोदय वार्ड निवासी राजधर पिता दयाराम पटेल उम्र 53 वर्ष यूनियन बैंक से चेक के माध्यम से एक लाख रुपए निकालकर घर वापस जा रहा था तभी अज्ञात बदमाश बिना नंबर की बाइक से पीछा करने में जुट गए। जब किसान घर पहुंचा तो उसने अपने घर के सामने बाइक खड़ी कर दी जिसमें रुपयों से भरा थैला टंगा हुआ था। इस दौरान वह पास में खड़ी साइकिल को हटाने लगा जहां मौके पर घात लगाए एक बदमाश अपनी बाइक से उतरा और किसान की बाइक में टंगा हुआ थैला निकालकर रफूचक्कर हो गया। जहां तेजी से भागते हुए बदमाशों को किसान ने देखा तो उसने अपने बाइक से उनका खचना नाका तक पीछा किया लेकिन वह बदमाशों को पकड़ने में नाकाम हो गया।

वही पीड़ति किसान ने इसकी सूचना हटा थाना पुलिस को दी जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बताया जा रहा है कि बदमाशों की तस्वीर एक सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसके आधार पर पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश करने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि किसान की शिकायत पर बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज कर सघनता से लुटेरों की तलाश की जा रही है।

# चाकू से हत्या करने वाले पांच आरोपियों को न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास

**हटा।** नगरीय क्षेत्र के नवोदय वार्ड ककराई इलाके में 2 मई 2023 को आंखों में मिर्ची मारकर मृतक धर्मेंद्र सिंह पिता जगद सिंह लोधी उम्र 27 वर्ष की आरोपियों के द्वारा मिलकर चाकू गोदकर हत्या कर दी गई थी जिसमें शुक्रवार को माननीय न्यायालय श्रीमान सुनील कौशिक द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय के द्वारा निर्णय पारित किया गया है। जिसमें पांच आरोपियों को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एव दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया है वहीं साक्ष्य के अभाव में एक आरोपी नूर उल इरफान को बरी किया गया है एवं प्रकरण में एक आरोपी अनिल चक्रवर्ती घटना दिनांक से ही फरार है जो 8 हजार रुपए का इनामी आरोपी है। प्रकरण में अपर लोक अभियोजक श्री दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि घटना दिनांक 2 मई 2023 की रात में जब मृतक धर्मेंद्र पिता जगत सिंह लोधी उम्र 28 वर्ष जब अपने घर में खाना खाकर बैठा था तभी बाहर से अभियुक्त गण चिल्लाकर उसे बाहर बुलाते हैं। धर्मेंद्र बाहर जाता है तो अभियुक्त नीरज मटका निवासी दमोह उसकी आंखों में मिर्ची डालकर अभियुक्त अमन रजक द्वारा धर्मेंद्र लोधी के पेट मंत बायी तरफ चाकू से काफी गहरा बार किया जिसे तत्काल ही मृतक के पिता जगत सिंह के द्वारा हटा सिविल अस्पताल में ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए ड्यूटीरत डॉक्टर द्वारा दमोह रेफर किया। वही गंभीर हालत होने पर जिला चिकित्सालय से जबलपुर रेफर किया जाता है जहां करीब 25 से 30 घंटे इलाजरत रहते हुए ऑपरेशन किये जाने के बाबजूद भी आहत को बचाया नही जा सका और उसकी मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना पर अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ अपराध क्रमांक 210/23 थाना हटा में पंजीबद्ध किया जाता है विवेचना के दौरान हटा पुलिस को जानकारी मिलती है कि दमोह निवासी 6 आरोपीगण द्वारा मृतक के पड़ोसी अनिल चक्रवर्ती एव उसकी पत्नी आरती के कहने पर सुपारी लेकर आरोपी गण द्वारा यह घटना कारित की गई है। जिसमें पुलिस द्वारा सर्व प्रथम विशाल रैकवार के प्रकटन कथन में मामले का खुलासा होने के आधार पर विवेचना पूर्ण कर उपरोक्त 6 आरोपी गण के विरुद्ध प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसमें अपराध क्रमांक 210/23 अंतर्गत धारा 324, 307, 506, 302, 120 बी, भा. द बी के तहत पांच आरोपी गण अमन रजक, विशाल रैकवार, प्रवेश यादव,नीरज चक्रवर्ती उर्फ नीरज मटका, मोनू उर्फ मोहित चक्रवर्ती को अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए धारा 302 भा.द.बी में आजीवन कारावास तथा दस-दस हजार रुपए अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया है वही साक्ष्य के अभाव ने नूर उल इरफान निवासी दमोह को दोष मुक्त किया गया है। प्रकरण में अभी अभियुक्त अनिल चक्रवर्ती फरार है। बाकी आरोपी हटा उपजेल में निरुद्ध थे। अभियोजन के ओर से पैरवी दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक की ओर से की गई। एवं फरियादी के अधिवक्ता राम नारायण गर्ग की ओर से अभियोजन सहयोग किया गया।

## सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम नोहटा में 24 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी ने लोकार्पण किया इस दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस भवन की मांग निरंतर आप सभी ग्रामवासियों के द्वारा की जा रही थी जिसको मैंने आज किया है। इस के निर्माण से आप सभी अपने पारिवारिक कार्यक्रम कर सकेंगे। आने वाले समय में ऐसे विभिन्न विकास कार्य करेंगे। अभी एक करोड रुपए की लागत से नोहटा खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। नोहटा में बने कल्चुरी कालीन नोहलेश्वर मंदिर का पर्यटन के रुप में विकसित किया जाएगा। मेरा संकल्प है कि अपनी जबेरा विधानसभा प्रदेश में क्रमांक एक की विधानसभा बने इसके लिए मैं निरंतर प्रयास हूं। आप सभी मेरे परिवारिक सदस्य हैं मैंने आप सभी के साथ नोहटा में खेला कूदा हूं और शिक्षा ग्रहण की है। आप सभी के आशीर्वाद से पहले विधायक और अब मंत्री पद प्राप्त हुआ है।

# वन अमला ने जुताई करते हुए ट्रैक्टर जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही अभ्यारण की गेम परिक्षेत्र रेंज सर्रा की सर्रा बीट पीएफ 209 वन खण्ड में मुखबिर की सूचना पर वन स्टाफ की संयुक्त कार्यवाही में जुताई करते स्वराज 735 ट्रेक्टर को जप्त करने के अलाव दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। ज्ञात हो कि वनविभाग द्वारा बार बार रोक टोक करने पर काबिज लोगों ने राजस्व अधिकारियों को आवेदन देकर अवगत करते रहे, और राजस्व विभाग उन काबिजों से उस वन खण्ड का मनमाना जुर्माना लेते रहे, इसी आशा से लोग समझते रहे कि ये राजस्व भूमि है। इसके अलावा अभी तक राजस्व विभाग ने ये स्पष्टीकरण नहीं किया कि ये वन भूमि है। जिससे स्पष्ट होता है कि राजस्व ने जुर्माना लिया तो राजस्व विभाग ही इस विवाद की जिम्मेदार है। वर्तमान में पी.एफ. 209 बीट सर्रा के अंतर्गत वनभूमि जो कि सर्रा - माधौ के खसरा नंबर 95 पर दर्ज को मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 01 अप्रैल 1988 के अनुसार माधौं -1 वनखण्ड 30 हेक्टेयर कक्ष क्रमांक 209 में घोषित किया गया है। इसलिए वन्यप्राणी अधिनियम 1972 की धारा 27 एंव 29 तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) (ग) एवं 63 के तहत दण्डनीय वन अपराध प्रकरण कायम किया गया। जिसमें आरोपी प्रकाश पिता नंदलाल गौड़ ग्राम -माधौं ट्रेक्टर मालिक एवं रुपा उर्फ वीरा अहिरवार सर्रा को मौका स्थल पर गिरफ्तार कर पीओआर. 5447@19 दिनांक 04 जून 2025 को वन अपराध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर तेंदूखेड़ा न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में गेम परिक्षेत्र अधिकारी के साथ दयाराम अहिरवाल परिक्षेत्र सहायक, जगराम प्रजापति डिप्टी, जितेन्द्र सिंह गुर्जर वीट गार्ड, संतोष यादव वन रक्षक, बृजेश सेन डिप्टी, पंकज पटैल वनरक्षक, हरिनारायण यादव, रामलाल पटैल, सीताराम यादव, मोहन पटेल मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**तेंदूखेड़ा।** दोपहर लगभग डेढ बजे सर्वाकुही मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कमलेश पिता भिम्मु यादव 40 निवासी रोसरा महुंगा की मौत हो गई है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने बाली यादव पिता मुन्ना यादव की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमाक 3125 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है साथ ही मामले की जॉच में लग गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार को सूचना मिली थी कि कमलेश यादव को सर्वाकुही मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर भाग गया है। जब आशिक यादव तत्काल सर्वाकुही तिगड्डा पहुंचे जहां देखा कि भाई कमलेश यादव घायल अवस्था में बेहोश पड़ा है और उनकी मोटर सायकिल रोड के किनारे डली हुई थी साथ ही कमलेश यादव के सिर में पीछे एवं हाथ पैरों में चोटे थी। तत्काल 108 एम्व्यूलेंस को फोन करके बुलाया और सरकारी अस्पताल तेन्दूखेड़ा लेकर आए लेकिन डाक्टर ने कमलेश यादव को चेककर मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कमलेश का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो के सुपुर्द किया गया।

# आयकर अधिकारी ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आयकर विभाग दवारा करदाताओं को कर कानूनों की सटीक जानकारी प्रदान करने एवं कर प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विभिन्न जागरूकता अभियान (आउटरीच प्रोग्राम) संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दमोह में स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयकर अधिवक्ताओं, चार्टर्ड एकाउंटेंटस एवं कर सलाहकारों एवं कुछ नियोक्ताओं को संबोधित करते हुए आयकर अधिकार सागर मुदित जैन ने अन्य कई संशोधनों, ई फाइलिंग में क्या सावधानी रखे, एवं आयकर दाताओं के दायित्वो के बारे में जानकारी देते हुए आयकर अधिनियम की धारा 80GGC के अंतर्गत संदिग्ध,गलत कटौतियों से संबंधित मामलों में करदाताओं के नियोक्ताओं को कर-जागरूकता बढाने एवं विभागीय नीतियों, नवीन प्रक्रियाओं तथा पोर्टल से संबंधित जानकारी प्रदान की।

विभाग को बोर्ड द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर ऐसे नियोक्ताओं की सूची तैयार की गई है जिनके कर्मचारियों द्वारा धारा 80GGc के अंतर्गत संदेहास्पद कटौती ( जिसमें किसी पंजीकृत राजनैतिक दल को चंदा देना )का दावा किया गया था, किंतु उन्होंने ना ही अद्यतन आईटीआर दाखिल किया और न ही दावा वापस लिया। इस परिप्रेक्ष्य में, ऐसे करदाताओ को इस अभियान के प्रति जागरूक करने तथा संबंधित करदाताओं को इस संदर्भ में सही जानकारी देकर उचित मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए, जिससे की आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत होने वाली दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके । मीटिंग में आयकर अधिकारी का स्वागत टैक्स प्रोफेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव और वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट राहुल अग्रवाल,सुरेश लालवानी,निकुंज जैन,कैलाश जसूजा ने गुलदस्ता भेंटकर किया वहीं वरिष्ठ अधिवक्तागण मनोज जैन,संजीव श्रीवास्तव , हषिकेष मोहन गुप्ता, विपुल जैन,अनुराग जैन, मृदुल हर्ष श्रीवास्तव सहित नियोक्ताओं ने भी पुष्पहार से स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने करदाताओं को रिफंड के बारे में और दमोह के आयकर दाताओं के पेन नंबर नरसिंहपुर ट्रांसफर हो जाने से आ रही कठिनाइयों को दूर करने में आयकर अधिकारी सागर द्वारा जो सार्थक प्रयास और सहयोग दिया जा रहा है उसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उपस्थित नियोक्ताओं ने भी अपनी समस्या उनके सामने रखी।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मनोज जैन और आभार प्रदर्शन सी ए राहुल अग्रवाल ने व्यक्त किया। आयकर अधिकारी के साथ आए अन्य कार्यालय सहायक कुंदन कुमार, सत्यम गुप्ता ,पीयूष ने भी अपनी ओर से परेशानियों को दूर करने में अपने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## तीन हादसों में बाइक सवार तीन मौत

**दमोह।** जिले में सड़क हादसों के साथ बाइक दुर्घटना का दौर लगातार जारी है जिन में दर्दनाक मौत के साथ घायलों की गंभीर हालत होने पर जबलपुर रेफर कर दिया जाता है इन हादसों की मुख्य वजह जहां नशे में रफ्तार का कहर सामने आता है वही बाइक पर दो से अधिक सवारी तथा हेलमेट के नहीं पहने होने की वजह से हादसे के दौरान मौत के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद रफ्तार से लेकर ट्रिपल सवारी तथा हेलमेट मामले में लापरवाही जारी है। पिछले 24 घंटे में दमोह जिले में तीन अलग-अलग क्षेत्र में हुए तीन सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो जाने दो कोई इलाज के लिए जिला अस्पताल तथा दो को जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर किए जाने का घटनाक्रम सामने आया है।

### बाइक हादसे में एक की मौत,दो घायल

पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हटा-राजाबंदी मार्ग मुक्तिधाम के पास गुरूवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन को काफी बिलंब से इलाज के लिए पटेरा अस्पताल भेजे जाने के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया था। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बताया गया है कि बंसल समाज की एक शादी में शामिल होने के लिए आए तीन बाइक सवारी युवा सड़क हादसा का शिकार हो गए थे। जिनमे से जिला अस्पताल में दम्मू पिता झल्लू बंसल निवासी गाड़ाघाट को मृत घोषित कर दिया गया था।वहीं राजा पिता हिम्मू बंसल कुम्हारी और अभिषेक बंसल उम्र निवासी किशुनगंज की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर कर दिया।

नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दो घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान हमीद पिता मुन्ना खान के रूप में हुई है। जबकि घायल फिरोज तथा इवरान का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इधर सड़क दुर्घटना में नरसिंहगढ़ निवासी अशोक पिता मन्नुलाल रैकवार उम्र करीब 40 वर्ष को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

भाजपा की संकल्प से सिद्धि अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न...

# राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए भाजपा कार्यकर्ता हमेशा तैयार : श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों के संबंध में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को लेकर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्य प्रदेश सरकार के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पथरिया विधायक लखन पटेल, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, हटा विधायक उमादेवी खटीक, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, कार्यक्रम के जिला प्रभारी जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, रमन खत्री, अमित बजाज, अरुण तिवारी और जिला मंत्री संजय यादव ने मां भारती और पार्टी के पितृ पुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने आप में पूर्ण होता है संगठन से लेकर सरकार तक की गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी एक एक कार्यकर्ता को होती हैं सुनने और सीखने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है, भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रनिर्माण के लिए हमेशा तैयार रहता हैं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ और आम जनता तक जाना है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व मे हमारी सरकार 11 वर्ष पूर्ण करने जा रही है और इस उपलक्ष्य में पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान का आगाज करने जा रही है जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होती हैं, हम सब वह लोग हैं जिसके कारण भाजपा शीर्ष पर पहुंच पाई हैं।

जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने कहा कि हम केन्द्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को बूथ स्तर तक ले जायेंगे। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जिला, मंडल तथा बूथ स्तर तक आयोजित किये जायेंगे तथा जन जन के पास सरकार की नीतियों तथा उपलब्धियों पर आम जन से चर्चा करेंगे, आज जिस भारत की तस्वीर हमारे सामने है एक दशक पूर्व की स्थितियां ऐसी नहीं थी आज हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं, हमें कार्यकर्ताओं के माध्यम से ये बात जनता तक पहुंचानी है।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला प्रभारी संजय सेन ने । आगामी 9 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। बदलता भारत मेरा अनुभव के साथ विकसित भारत की परिकल्पना भी शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण जिला प्रभारी रमन खत्री ने बताया कि 5 जून से 15 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम की जानकारी दी जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर 50 पौधे लगाने जायेंगे साथ ही उन पौधों का संरक्षण भी किया जाएगा।

इस कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, चंदभान पटेल, जिला मंत्री अनिता खरे, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, आई टी रिंकू गोस्वामी, सहित मोर्चा अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष और अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पोस्ट ऑफिस में दो युवकों ने कर्मचारियों के साथ की अभद्रता

### आधार कार्ड बनाने को लेकर उपजा विवाद

हटा।

उपडाकघर हटा में विगत दिवस आधार कार्ड बनाए जाने को लेकर दो युवकों द्वारा कर्मचारियों से गाली गलौज कर कर जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी लिखित शिकायत पुलिस थाना हटा में की गई। पुलिस को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया कि हटा उपडाकघर में आधार कार्ड बनाए जाने का कार्य किया जाता है लेकिन विगत 4 जून को दोपहर में सर्वर की वजह से आधार की साइड चालू नहीं हुई तो उस दौरान आधार कार्ड का कार्य कराने पोस्ट ऑफिस में पहुंचे ग्राम बरबसपुर थाना रनेह निवासी गोलू यादव एवं आकाश पटेरिया द्वारा एसपीएम. उप डाकघर हटा एवं एबीपीएम के साथ झूमा-झपटी एवं गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही इनके द्वारा शासकीय कार्य मे बाधा उत्पन्न की गई और घटना उपरांत दोनों युवक मौके से भाग गए। घटना से भयभीत कर्मचारियों ने एकत्रित होकर दर्जनों कर्मचारियों के हस्ताक्षर युक्त शिकायत हटा पुलिस थाना को देते हुए उक्त युवकों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।